4.50 लाख कर्मचारियों को मिलेगा 4500 करोड़ का हिसाब

# प्रदेश में 18 साल से अटके पेंशन खाते अब 4-5 दिन में क्लियर होंगे

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

3-4-22

प्रदेश के साढ़े चार लाख कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। उनकी नेशनल पेंशन स्कीम (एसपीएस) में होने वाली 4500 करोड़ रु. की कटौती का हिसाब उन्हें अब हर साल मिलेगा। अभी तक 2005 के बाद सेवा में आए अधिकारी-कर्मचारियों को एनपीएस की इस कटौती का हिसाब नहीं मिल रहा था। केंद्र सरकार के कार्मिक मामलों के मंत्रालय ने राज्य सरकार को कहा है कि वो इन कर्मचारियों के मिसिंग क्रेडिट को चार से पांच दिन में क्लियर कर दें। प्रदेश के अध्यापक संवर्ग और अन्य के 50 हजार से ज्यादा एनपीएस खातों में गड़बड़ी मिली है। इनमें 100 करोड़ रु. से ज्यादा की राशि जमा नहीं हुई है। दो साल पहले तक यह राशि करीब 400 करोड़ रु. थी, जिसे अब जमा करवाया जा रहा है।

## एनएसडीएल के इस फॉर्मूले से जुड़ेगी राशि

राज्य सरकार की पहल पर नेशनल सिक्योरिटी डिपाजिटरी (एनएसडीएल) ने एनपीएस में कटौती जोड़ने के लिए एक रास्ता सुझाया है। इसमें खास यह है कि यदि कर्मचारी के वेतन से कटौती हुई है और साल के किसी महीने में उसकी राशि जमा नहीं दिख रही है तो वह तुरंत विभाग के संबंधित अधिकारी को आवेदन देगा और ट्रेजरी ऑफिसर से वैरीफाई करवाकर देगा तो चार से पांच दिन में उसके एनपीएस अकाउंट में राशि जमा हो जाएगी। इसका फायदा यह होगा कि उसकी स्वयं की कटौती की 10% राशि और 14% सरकार का हिस्सा खाते में जुड़ जाएगा, जिसका फायदा रिटायरमेंट पर मिलने वाले लाभ में होगा। बता दें कि एनपीएस में हर साल सरकार 2500 करोड़ रुपए और कर्मचारियों के अंश का 1500 रुपए कटता है। इस तरह हर साल 4500 करोड़ रुपए की कटौती होती है।

### केंद्र ने इसलिए हस्तक्षेप किया

दरअसल, 2004 के बाद सेवा में आए आईएसएस, आईपीएस और आईएफएस अफसरों के एनपीएस अकाउंट में मिसिंग क्रेडिट की जानकारी केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय को मिली थी। इसके बाद उसने राज्य सरकार को निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 384 करोड़ की राशि आवंटित

**भोपाल ● 2 अप्रैल ( ब्यूरो )** मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लिए 384 करोड़ रुपए से अधिक की राशि आवंटित की गई है।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत स्वीकृत बीएलसी घटक परियोजनाओं में स्वीकृत आवासों के लिए कुल 384 करोड़ 38 लाख 13 हजार रुपए विभिन्न किस्तों के रूप में आवंटित किए गए हैं। श्री सिंह ने कहा कि आवासों का निर्माण प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आवंटित राशि का सदुपयोग कर आवासों का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाए। अपर आयुक्त-सह-मिशन संचालक नैगरीय प्रशासन एवं विकास डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि एक लाख 26 हजार 59 आवासों के लिए पहली किस्त के रूप में 156 करोड़ 55 लाख 67 हजार रुपए, एक लाख 47 हजार 292 आवासों के लिए दूसरी किस्त के रूप में 70 करोड़ 97 लाख 21 हजार रुपए और तीसरी किस्त के रूप में एक लाख 17 हजार 750 आवासों के लिए 156 करोड़ 85 लाख 25 हजार रुपए की राशि जारी की गई है।

# संजय चौधरी और पुलकित निगम बने स्वच्छता गीत गायन प्रतियोगिता के विजेता

## साफ-सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करने किया आयोजन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

3-4-22

गुलाब चक्कर में शुक्रवार रात साफ-सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हुई स्वच्छता गीत गायन प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में संजय चौधरी और जूनियर वर्ग में पुलकित निगम विजेता रहे। निर्णायक प्रो. बी. वर्षा करंदीकर, वंदना जलगांवकर, अशफाक जावेदी और आशीष दशोत्तर रहे। निगमकर्मी किरण चौहान ने कचरा गाड़ी पर बजने वाले गीत की प्रस्तुति दी। इसके बाद कर्मचारियों ने नुक्कड़ नाटक भी किया।

अंत में कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े ने समाजसेवी गोविंद काकानी, सुरेंद्र जैन को स्मृति चिन्ह प्रदान किए। सुरेश व्यास, जीके जायसवाल, राजेश पाटीदार, बृजेश कुशवाहा, मनीष तिवारी आदि उपस्थित रहे। संचालन दिव्या पाटीदार ने किया। आभार उपायुक्त विकास सोलंकी ने माना।



कार्यक्रम में गीत प्रस्तुत करती प्रतिभागी।

### सीनियर वर्ग

- प्रथम संजय चौधरी, ▪ द्वितीय संगीता जैन, ▪ तृतीय विशाल पांचाल, ▪ प्रोत्साहन- अभिजीत ऊंटवाल, प्रिया उपाध्याय

### जूनियर वर्ग

- प्रथम पुलकित निगम, ▪ द्वितीय भावी जैन, ▪ तृतीय दीया परसई, ▪ प्रोत्साहन- निशा सोलंकी, भुवी व्यास

---

सैकड़ों प्रतियोगियों ने हिस्सा लेकर बेहतरीन प्रस्तुति दी

# संगीत की महफिल में सजे स्वच्छता के गीत

3-4-22

पत्रिका न्यूज नेटवर्क

patrika.com

रतलाम. नगर निगम द्वारा शहर के गुलाब चक्कर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत स्वरचित स्वच्छता गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन के बाद विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिता में सीनियर और जूनियर वर्ग में प्राप्त 365 एंट्री में से चयनित सैकड़ों प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में आशीष दशोत्तर द्वारा रचित व जितेंद्र चौहान द्वारा संगीतबद्ध किये गये गीत की संजय चौधरी द्वारा प्रस्तुती पर उन्हें प्रथम पुरस्कार दिया गया।



इसी वर्ग में द्वितीय पुरस्कार संगीता जैन, तृतीय पुरस्कार विशाल पांचाल व चतुर्थ एवं पंचम प्रोत्साहन पुरस्कार अभिजीत ऊंटवाल एवं प्रिया उपाध्याय को दिया। जूनियर में प्रथम पुलकित निगम, द्वितीय भावी जैन, तृतीय दीया परसाई, चतुर्थ निशा सोलंकी व पंचम पुरस्कार भुवी व्यास को दिया गया। निर्णायक कन्या महाविद्यालय की प्रोफेसर बी वर्षा करंदीकर, वंदना जलगांवकर, अशफाक जावेदी व आशीष दशोत्तर थे।

## नुक्कड़ नाटक ने मनोरंजन किया

निगमकर्मी किरण चौहान द्वारा रचित कचरा गाड़ी पर बजने वाले गीत की प्रस्तुति स्वयं जोन प्रभारी चौहान द्वारा दी गई। निगमकर्मियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने उपस्थित दर्शकों का मनोरंजन किया। दो समूह गान भी हुए। संचालन दिव्या पाटीदार ने किया व आभार उपायुक्त विकास सोलंकी ने माना। कलेक्टर व निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत व अपर कलेक्टर जमुना भिड़े व आयुक्त झारिया की उपस्थिति थे।

# सुरो की महफिल में सजे स्वच्छता के गीत



रतलाम। नगर निगम रतलाम द्वारा 1 अप्रैल को गुलाब चक्कर पर स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत स्वरचित स्वच्छता गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर

**▶ नगर निगम द्वारा आयोजित स्वच्छता गीत-गायन प्रतियोगिता में**

एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर जमुना भिड़े व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में सीनियर और जूनियर वर्ग में प्राप्त 365 एंट्री में से चयनित सैकड़ों प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में आशीष दशोत्तर द्वारा रचित व जितेंद्र चौहान द्वारा संगीतबद्ध किए गए गीत की संजय चौधरी द्वारा प्रस्तुती पर उन्हें प्रथम पुरस्कार दिया गया। इसी वर्ग में द्वितीय पुरस्कार संगीता जैन, तृतीय पुरस्कार विशाल पांचाल एवं चतुर्थ एवं पंचम प्रोत्साहन पुरस्कार अभिजीत ऊंटवाल एवं प्रिया उपाध्याय को दिया गया। जूनियर वर्ग में प्रथम पुलकित निगम द्वितीय भावी जैन, तृतीय दीया परसाई चतुर्थ निशा सोलंकी एवं पंचम पुरस्कार भुवी व्यास को दिया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्रोफ़ेसर बी. वर्षा करंदीकर वंदना जलगांवकर एवं अशफाक जावेदी तथा आशीष दशोत्तर थे। निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के कार्यक्रम समन्वयक सफाई मित्र समूह संचालक अनिल पांचाल थे। निगम कर्मी किरण चौहान द्वारा रचित कचरा गाड़ी पर बजने वाले गीत की प्रस्तुति स्वयं किरण चौहान द्वारा दी गई। संचालन निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दिव्या पाटीदार व आभार उपायुक्त विकास सोलंकी ने माना। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े, निर्णायक समाजसेवी गोविंद काकानी, पत्रकार सुरेंद्र जैन को स्मृति चिन्ह प्रदान किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शकों के साथ निगम के सुरेश व्यास, जीके जायसवाल, राजेश पाटीदार, बृजेश कुशवाहा, मनीष तिवारी, आदि उपस्थित थे।

# सुरों की महफिल में सजे स्वच्छता के दिलकश गीत

नई दुनिया 3-4-22

रतलाम। नगर निगम रतलाम द्वारा गुलाब चक्कर पर स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत स्वरचित स्वच्छता गीत-गायन प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर कुमार पुरुषोतम, जिला पंचायत सीईओ व अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में किया गया। इसमें सैकड़ों प्रतियोगियों ने हिस्सा लेकर सुरों की महफिल में स्वच्छता के गीत सजाए।

प्रतियोगिता के सीनियर और जूनियर वर्ग में प्राप्त 365 एंट्री में से चयनित सैकड़ों प्रतिभागियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में आशीष दशोत्तर द्वारा रचित व जितेंद्र चौहान द्वारा संगीतबद्ध किए गए गीत की संजय चौधरी ने प्रस्तुति दी। उन्हें प्रथम पुरस्कार दिया गया।

इसी वर्ग में द्वितीय पुरस्कार संगीता जैन, तृतीय पुरस्कार विशाल पांचाल व प्रोत्साहन पुरस्कार अभिजीत ऊंटवाल, प्रिया उपाध्याय को दिया गया। जूनियर वर्ग में पुलकित निगम प्रथम, भावी जैन द्वितीय, दीया परसाई तृतीय रहीं। निशा सोलंकी, भुवी व्यास को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

**नगर निगम द्वारा आयोजित स्वच्छता गीत- गायन प्रतियोगिता में सैकड़ों प्रतियोगियों ने हिस्सा लेकर बेहतरीन प्रस्तुति दी**

# सुरों की महफिल में सजे स्वच्छता के गीत

प्रसारण न्यूज • रतलाम

नगर निगम रतलाम द्वारा 1 अप्रैल को गुलाब चक्कर पर स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 के तहत स्वरचित स्वच्छता गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में सीनियर और जूनियर वर्ग में प्राप्त 365 एंट्री में से चयनित सैकड़ों प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में आशीष दशोत्तर द्वारा रचित व जितेंद्र चौहान द्वारा संगीतबद्ध किए गए गीत की संजय चौधरी द्वारा प्रस्तुति पर उन्हें प्रथम पुरस्कार दिया गया। इसी वर्ग में द्वितीय पुरस्कार संगीता जैन, तृतीय




पुरस्कार विशाल पांचाल एवं चतुर्थ एवं पंचम प्रोत्साहन पुरस्कार अभिजीत ऊंटवाल एवं प्रिया उपाध्याय को दिया गया।

जूनियर वर्ग में प्रथम पुलकित निगम द्वितीय भावी जैन, तृतीय दीया परसाई चतुर्थ निशा सोलंकी एवं पंचम पुरस्कार भुवी व्यास को दिया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्रोफ़ेसर बी. वर्षा करंदीकर वंदना जलगांवकर एवं अशफाक जावेदी तथा आशीष दशोत्तर थे।

निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के कार्यक्रम समन्वयक सफाई मित्र समूह संचालक अनिल पांचाल थे। निगमकर्मी किरण चौहान द्वारा रचित कचरा गाड़ी पर बजने वाले गीत की प्रस्तुति स्वयं किरण चौहान द्वारा दी गई। निगम कर्मियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने उपस्थित दर्शकों का मनोरंजन किया। दो समूह गान भी हुए कार्यक्रम का संचालन निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दिव्या पाटीदार ने किया व आभार उपायुक्त विकास सोलंकी ने माना।

कार्यक्रम के अंत में निगम आयुक्त द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े सभी निर्णायको समाजसेवी गोविंद काकानी समाजसेवी व पत्रकार सुरेंद्र जैन को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शकों के साथ निगम के वरिष्ठ अधिकारी सुरेश व्यास, जी. के. जायसवाल, राजेश पाटीदार, बृजेश कुशवाहा, मनीष तिवारी, भी उपस्थित थे।

प्रसारण
3-4-2022

## वार्ड प्रभारी राजेंद्र गौसर को हटाया

**रतलाम** | सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड 28 की सड़कों व अन्य स्थानों पर गंदगी पाए जाने पर वार्ड प्रभारी राजेंद्र गौसर को पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह अब्दुल वहाब को वार्ड प्रभारी नियुक्त किया गया है।

भास्कर 5-5-2C

## 11 का वेतन काटा 5/Nov 11

**रतलाम.** नगर निगम द्वारा शहर में सुबह व दोपहर को होने वाली सफाई के दौरान काम से नदारत रहने वाले कर्मचारियों के वेतन काटने का क्रम जारी है। शनिवार को सुबह की पाली में 5 व दोपहर की पाली में 6 कर्मचारी काम पर नहीं आए। इसके बाद निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सभी के वेतन काटने के निर्देश जारी कर दिए है।

### नगर निगम द्वारा आयोजित स्वच्छता गीत- गायन प्रतियोगिता में सैकड़ों प्रतियोगियों ने लिया हिस्सा

# सुरों की महफिल में सजे स्वच्छता के गीत

रतलाम » दबंग रिपोर्टर




नगर निगम द्वारा गुलाब चक्कर पर स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत स्वरचित स्वच्छता गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टरकुमार पुरूशोत्तम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जमुना भिड़े व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सीनियर और जूनियर वर्ग में प्राप्त 365 एंट्री में से चयनित सैकड़ों प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

सीनियर वर्ग में आशीष दशोत्तर द्वारा रचित व जितेंद्र चौहान द्वारा संगीतबद्ध किये गये गीत की 'संजय चौधरी द्वारा प्रस्तुती पर उन्हें प्रथम पुरस्कार दिया गया। इसी वर्ग में द्वितीय पुरस्कार संगीता जैन, तृतीय पुरस्कार विशाल पांचाल एवं चतुर्थ एवं पंचम प्रोत्साहन पुरस्कार अभिजीत ऊंटवाल एवं प्रिया उपाध्याय को दिया गया। जूनियर वर्ग में प्रथम पुलकित निगम द्वितीय भावी जैन, तृतीय दीया परसाई चतुर्थ निशा सोलंकी एवं पंचम पुरस्कार भुवी व्यास को दिया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्रोफेसर बी. वर्षा करंदीकर वंदना जलगांवकर एवं अशफाक जावेदी तथा आशीष दशोत्तर थे।

## नुक्कड़ नाटक ने मोहा मन

निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के कार्यक्रम समन्वयक सफाई मित्र समूह संचालक अनिल पांचाल थे। निगम कर्मी किरण चौहान द्वारा रचित कचरा गाड़ी पर बजने वाले गीत की प्रस्तुति स्वयं किरण चौहान द्वारा दी गई। निगम कर्मियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने उपस्थित दर्शकों का मनोरंजन किया। दो समूह गान भी हुए कार्यक्रम का संचालन निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दिव्या पाटीदार ने किया व आभार उपायुक्त विकास सोलंकी ने माना। कार्यक्रम के अंत में निगम आयुक्त द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े सभी निर्णायको समाजसेवी गोविंद काकानी समाजसेवी व पत्रकार सुरेंद्र जैन को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शकों के साथ निगम के वरिष्ठ अधिकारी सुरेश व्यास,जी. के. जायसवाल, राजेश पाटीदार, बृजेश कुशवाहा, मनीष तिवारी भी उपस्थित थे।

चौथा संसार 3-5-2022

# सुरो की महफिल में सजे स्वच्छता के गीत

## नगर निगम द्वारा आयोजित स्वच्छता गीत- गायन प्रतियोगिता में सैकड़ों प्रतियोगियों ने हिस्सा लेकर ब्रेहतरीन प्रस्तुती दी

**रतलाम।** नगर निगम रतलाम द्वारा 1 अप्रैल को गुलाब चक्कर पर स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत स्वरचित स्वच्छता गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में आयोजित की गई।




प्रतियोगिता में सीनियर और जूनियर वर्ग में प्राप्त 365 एंट्री में से चयनित सैकड़ों प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में आशीष दशोत्तर द्वारा रचित व जितेंद्र चौहान द्वारा संगीतबद्ध किये गये गीत की संजय चौधरी द्वारा प्रस्तुती पर उन्हें प्रथम पुरस्कार दिया गया। इसी वर्ग में द्वितीय पुरस्कार संगीता जैन, तृतीय पुरस्कार विशाल पांचाल एवं चतुर्थ एवं पंचम प्रोत्साहन पुरस्कार अभिजीत ऊंटवाल एवं प्रिया उपाध्याय को दिया गया।

जूनियर वर्ग में प्रथम पुलकित निगम द्वितीय भावी जैन, तृतीय दीया परसाई चतुर्थ निशा सोलंकी एवं पंचम पुरस्कार भुवी व्यास को दिया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्रोफ़ेसर बी. वर्षा करंदीकर वंदना जलगांवकर एवं अशफाक जावेदी तथा आशीष दशोत्तर थे।

निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के कार्यक्रम समन्वयक सफाई मित्र समूह संचालक अनिल पांचाल थे। निगम कर्मी किरण चौहान द्वारा रचित कचरा गाड़ी पर बजने वाले गीत की प्रस्तुति स्वयं किरण चौहान द्वारा दी गई। निगम कर्मियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने उपस्थित दर्शकों का मनोरंजन किया। दो समूह गान भी हुए कार्यक्रम का संचालन निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दिव्या पाटीदार ने किया व आभार उपायुक्त विकास सोलंकी ने माना।

कार्यक्रम के अंत में निगम आयुक्त द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े सभी निर्णायको समाजसेवी गोविंद काकानी समाजसेवी व पत्रकार सुरेंद्र जैन को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शकों के साथ निगम के वरिष्ठ अधिकारी सुरेश व्यास, जी. के. जायसवाल, राजेश पाटीदार, बृजेश कुशवाहा ,मनीष तिवारी, भी उपस्थित थे।

# सुरो की महफिल में सजे स्वच्छता के गीत

## नगर निगम द्वारा आयोजित स्वच्छता गीत- गायन प्रतियोगिता में सैकड़ों प्रतियोगियों ने हिस्सा लेकर ब्रेहतरीन प्रस्तुती दी

**रतलाम।** नगर निगम रतलाम द्वारा 1 अप्रैल को गुलाब चक्कर पर स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत स्वरचित स्वच्छता गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में सीनियर और जूनियर वर्ग में प्राप्त 365 एंट्री में से चयनित सैकड़ों प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में आशीष दशोत्तर द्वारा रचित व जितेंद्र चौहान द्वारा संगीतबद्ध किये गये गीत की संजय चौधरी द्वारा प्रस्तुती पर उन्हें प्रथम पुरस्कार दिया गया। इसी वर्ग में द्वितीय पुरस्कार




संगीता जैन, तृतीय पुरस्कार विशाल पांचाल एवं चतुर्थ एवं पंचम प्रोत्साहन पुरस्कार अभिजीत ऊंटवाल एवं प्रिया उपाध्याय को दिया गया।

जूनियर वर्ग में प्रथम पुलकित निगम द्वितीय भावी जैन, तृतीय दीया परसाई चतुर्थ निशा सोलंकी एवं पंचम पुरस्कार भुवी व्यास को दिया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्रोफ़ेसर बी. वर्षा करंदीकर वंदना जलगांवकर एवं अशफाक जावेदी तथा आशीष दशोत्तर थे।

निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के कार्यक्रम समन्वयक सफाई मित्र समूह संचालक अनिल पांचाल थे। निगम कर्मी किरण चौहान द्वारा रचित कचरा गाड़ी पर बजने वाले गीत की प्रस्तुति स्वयं किरण चौहान द्वारा दी गई। निगम कर्मियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने उपस्थित दर्शकों का मनोरंजन किया। दो समूह गान भी हुए कार्यक्रम का संचालन निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दिव्या पाटीदार ने किया व आभार उपायुक्त विकास सोलंकी ने माना।

कार्यक्रम के अंत में निगम आयुक्त द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े सभी निर्णायको समाजसेवी गोविंद काकानी समाजसेवी व पत्रकार सुरेंद्र जैन को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शकों के साथ निगम के वरिष्ठ अधिकारी सुरेश व्यास, जी. के. जायसवाल, राजेश पाटीदार, बृजेश कुशवाह ,मनीष तिवारी, भी उपस्थित थे।

## कर्मचारी आए भी तो 1 बजे तक बंद रहा सर्वर, करदाता परेशान

# 8.15 बजे खिड़की खुली, 8.30 तक कर्मचारी नहीं

पत्रिका न्यूज पंच

3-4-22





**रतलाम.** ऐसा कमाल नगर निगम का पेयजल विभाग ही कर सकता है। शहर में पेयजल लेकर ईमानदारी से कर चुकाने वाले करदाता समय पर कर जमा करवाने 8 बजे पहुंच गए, लेकिन साहब के अधीनस्थ ही समय पर नहीं आए। एक भृत्य ने 8.15 बजे खिड़की खोली तो करदाता लंबे समय से कर्मचारियों का इंतजार करते रहे। गर्मी में टीनशेड के नीचे खड़े करदाताओं पर रहम करके कर्मचारी आए भी तो सर्वर ही बंद हो गया। दोपहर 1 बजे तक लोग सर्वर के शुरू होने का इंतजार करते रहे।

शहर में नगर निगम आमजन से कर की उम्मीद करता है। कर चुकाने जब शहर के लोग ईमानदारी से जाए तो उनको अपनी बारी का इंतजार करना होता है। लंबी लाइन में लगे वृद्ध, महिलाओं को खड़े - खड़े अपनी बारी का इंतजार करना होता है। गर्मी में भी उनके लिए न तो पेयजल की सुविधा रहती है नहीं बैठने के लिए एक बैंच नसीब होती है।

## समय पर नहीं आना आदत में शामिल

कर जमा करने वाले रमेश सोलंकी नयागांव ने बताया कि समय पर नहीं आना कर्मचारियों की आदत में शामिल है। इसकी शिकायत करने वे एक पखवाड़े मार्च माह में नगर निगम में आयुक्त के कार्यालय गए, लेकिन खुद आयुक्त ही नहीं आए तो शिकातय किससे करें। बाद में अन्य कर्मचारी को अपनी शिकायत देकर आ गए, लेकिन अप्रेल में भी हालात नहीं बदले है। आमजन का यह गुस्सा लगातार नगर निगम की बदहाल व्यवस्था पर बढ़ता जा रहा है। इस प्रकार के मामलों पर विपक्ष की चुप्पी आमजन को अखर रही है।

समय पर कर्मचारी नहीं आए यह मंजूर, सर्वर घंटो बंद है, यह भी मंजूर, लेकिन हम वृद्ध के लिए बैठकर इंतजार करने को एक बैंच तो नगर निगम लगा सकता है।

**- राधेश्याम राठौर,** फ्रीगंज रोड

औचक निरीक्षण किया जाएगा। आमजन से अपील है कि ऑनलाइन भुगतान करने को बढ़ावा दे।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

# नगर निगम रतलाम द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में सजी सुरों की महफिल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

3-4-2022



नगर निगम रतलाम द्वारा 1 अप्रैल को गुलाब चक्कर पर स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत स्वरचित स्वच्छता गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरुषोत्तम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में सीनियर और जूनियर वर्ग में प्राप्त 365 एंट्री में से चयनित सैकड़ों प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में आशीष दशोत्तर द्वारा रचित व जितेंद्र चौहान द्वारा संगीतबद्ध किये गये गीत की संजय चौधरी द्वारा प्रस्तुती पर उन्हें प्रथम पुरस्कार दिया गया। इसी वर्ग में द्वितीय पुरस्कार संगीता जैन, तृतीय पुरस्कार विशाल पांचाल एवं चतुर्थ एवं पंचम प्रोत्साहन पुरस्कार अभिजीत ऊंटवाल एवं प्रिया उपाध्याय को दिया गया।

जूनियर वर्ग में प्रथम पुलकित निगम द्वितीय भावी जैन, तृतीय दीया परसाई चतुर्थ निशा सोलंकी एवं पंचम पुरस्कार भुवी व्यास को दिया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्रोफेसर बी. वर्षा करंदीकर वंदना जलगांवकर एवं अशफाक जावेदी तथा आशीष दशोत्तर थे।

निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के कार्यक्रम समन्वयक सफाई मित्र समूह संचालक अनिल पांचाल थे। निगम कर्मी किरण चौहान द्वारा रचित कचरा गाड़ी पर बजने वाले गीत की प्रस्तुति स्वयं किरण चौहान द्वारा दी गई। निगम कर्मियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने उपस्थित दर्शकों का मनोरंजन किया दो समूह गान भी हुए कार्यक्रम का संचालन निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दिव्या पाटीदार ने किया व आभार उपायुक्त विकास सोलंकी ने माना।

कार्यक्रम के अंत में निगम आयुक्त द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े सभी निर्णायको समाजसेवी गोविंद काकानी समाजसेवी व पत्रकार सुरेंद्र जैन को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शकों के साथ निगम के वरिष्ठ अधिकारी सुरेश व्यास, जी. के. जायसवाल, राजेश पाटीदार, बृजेश कुशवाहा ,मनीष तिवारी, भी उपस्थित थे।

## गंदगी करने से सील शराब दुकान पर 20 हजार का जुर्माना

रतलाम | सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सज्जनमिल रोड स्थित पद्मश्री बार के सामने कचरा, गंदगी व अमानक पॉलिथीन पाए जाने पर नगर निगम की स्पॉट फाइन टीम ने शराब दुकान और बार को सील कर दिया। दुकान को दो दिन के लिए सील किया गया था। बार संचालक द्वारा जुर्माने के 20 हजार रुपए जमा करने पर गंदगी न फैलाने की हिदायत देकर खोल दिया गया। इसी प्रकार राम मंदिर के सामने सुरेश कूलर द्वारा नवनिर्मित फुटपाथ पर कूलर रखकर फुटपाथ का व्यावसायिक उपयोग करने पर अतिक्रमण दस्ते ने सारे कूलर व अन्य सामग्री जब्त कर लिए। दुकानदार ने 200 वर्गफीट से अधिक फुटपाथ पर अतिक्रमण कर रखा था।

## गंदगी करने पर पद्मश्री बार पर 20 हजार का जुर्माना

रतलाम। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सज्जन मिल रोड़ स्थित पद्मश्री बार के सामने कचरा, गंदगी व अमानक पॉलीथीन पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन टीम द्वारा बार को सील किया गया। बार संचालक द्वारा जुर्माने की राशि रुपए 20 हजार जमा कराने पर खोला जाकर भविष्य में कचरा एवं गंदगी ना करने के निर्देश दिए गए, अन्यथा बार का लायसेंस निरस्त करने हेतु प्रस्ताव जिला प्रशासन को प्रेषित किया जाएगा। पद्मश्री बार संचालक को पूर्व में भी कचरा एवं गंदगी ना करने की समझाईश दी गई थी, किन्तु संचालक द्वारा इसकी पुनरावृत्ति निरंतर किए जाने पर बार को सील करने व जुर्माना करने की कार्यवाही की गई।

### राममंदिर क्षेत्र से तीन ट्रॉली भरकर कूलर किए जब्त

# बियर बार पर लगाया ताला, 20 हजार रुपए का जुर्माना

पत्रिका सिटी हैपनिंग



रतलाम. शहर में स्वच्छता अभियान 2022 को नंबर देने के लिए दल आना है। दल के आने के पूर्व जहां - जहां संभावित रुप से सदस्य जा सकते है, वहां पर स्वच्छता के लिए कमर कसी जा रही है। इसी कड़ी में राममंदिर रोड पर एक बियर बार के बाहर गंदगी मिलने पर उस पर 4 अप्रेल तक के लिए ताला लगा दिया व 20 हजार रुपये का जुर्माना किया गया। इसी प्रकार इसी क्षेत्र में रोड पर सुरेश कूलर के संचालक द्वारा 200 वर्गफीट से अधिक भूमि पर अवैध कब्जा करने पर तीन ट्रॉली कूलर जब्त किए गए।

शहर में स्वच्छता अभियान के लिए दल कभी भी आ सकता है। ऐसे में निगम के प्रभारी कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल दल - बल के साथ शनिवार शाम को रोड पर उतरे। राममंदिर क्षेत्र में जगह - जगह गंदगी पाए जाने पर जायसवाल जमकर कर्मचारियों पर नाराज हुए। इसी दौरान एक कूलर की दुकान पर दुकान की सीमा से बाहर कूलर पाए जाने पर सभी सामान को जब्त करने के आदेश दे दिए। इसके बाद तीन ट्रॉली कूलर जब्त किए गए। इस बीच दुकानदार सामान छोडने की बात कहता रहा लेकिन दल ने एक भी नहीं सुनी।

### बियर बार पर लगाया ताला

इस बीच इसी क्षेत्र में चल रही पदम श्री बियर बार के बाहर जब दल पहुंचा तो रोड पर गंदगी नजर आई। इसके बाद जायसवाल ने बियर बार पर ताला लगाने के आदेश दे दिए। इसका विरोध कर्मचारियों ने किया व कुछ प्रभावशाली लोगों से बात करवाने का प्रयास किया। शुरू में जायसवाल ने बात करने से इंकार कर दिया, लेकिन बाद में किसी प्रभावशाली से बात की व कह दिया कि दुकान पर 4 अप्रेल तक ताला तो लगेगा। अधिक प्रेम है तो स्वयं आकर प्रतिदिन सफाई किया करें। इसके बाद 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गा व इसके बाद ही दुकान खोलने की मंजूरी देने की बात की गई।

### दारोगा निलंबित

इन सब के बीच वार्ड नंबर 28 में गंदगी पाए जाने पर वार्ड दारोबा राजेंद्र गौसर को पद से हटा दिया गया। इनके स्थान पर अब्दुल वहाब को प्रभारी बनाया गया है।

# तीन ट्रैक्टर ट्रॉली कूलर जब्त

3-4/22

रतलाम। राम मंदिर के सामने सुरेश कूलर द्वारा फुटपाथ पर कूलर रखने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम अतिक्रमण दस्ते द्वारा कार्रवाई की गई। तीन ट्रैक्टर-ट्राली भरकर कूलर व अन्य सामग्री जब्त की गई। दुकानदार द्वारा 200 स्क्वेयर फीट से अधिक के फुटपाथ पर कूलर व अन्य सामग्री रखकर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था।

सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सज्जन मिल रोड स्थित पद्मश्री बार के सामने कचरा, गंदगी व अमानक पालिथीन पाए जाने पर स्पाट फाइन टीम द्वारा बार को सील किया गया। बार संचालक द्वारा जुर्माने की राशि 20 हजार रुपये जमा कराने पर खोला जाकर भविष्य में कचरा व गंदगी नहीं करने के निर्देश दिए गए।

## गोठ में गंदगी करने पर लगाया जुर्माना

रतलाम. शहर के नेहरू स्टेडियम के करीब डॉ. अंबेडकर मांगलिक भवन के करीब चल रही समाज की गोठ के दौरान गंदगी होने पर जुर्माना किया गया है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया शहर में शनिवार को स्पाट फाइन दल द्वारा छाजेड़ किराना स्टोर व श्री पंजाग ओसवाल बड़े साथ अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड पर गोठ के आयोजन में गंदगी करने पर 5000-5000, विजय बोरासी व ओमप्रकाश भाटी पर 1000-1000, पोहा हाउस पर 500 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया।

## गंदगी फैलाने पर वसूला जुर्माना

रतलाम। नगर निगम द्वारा शहर में गंदगी फैलाने, अतिक्रमण करने और अमानक पालिथीन का उपयोग करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जा रही है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी करने पर छाजेड किराना स्टोर, श्री पंचांग ओसवाल बड़े साथ आंबेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउंड पर गोठ के कार्यक्रम में गंदगी करने से 5000-5000 रुपये, विजय बौरासी, ओमप्रकाश भाटी से 1000-1000 रुपये, पोहा हाउस से 500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल ने सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने व अमानक पालिथीन का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी गई। कार्रवाई कुलदीप भट्ट, विजय मेहना, मनीष झांझोट, अंकित पुरोहित, राजकुमार भाटी द्वारा की गई।

# गदंगी करने व अमानक पॉलीथीन उपयोग करने पर 11 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर व सामान से अतिक्रमण करते है, अमानक पॉलीथीन का उपयोग एवं विक्रय करते हैं, खुले में यूरिन करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाइन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 1 अप्रैल शुक्रवार को 11 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अरिहंत कम्प्यूटर पर 2000, शर्मा टी स्टॉल पर 1000, योगेश पाटीदार पर 1000, गोविन्द पान कार्नर, राजेन्द्र रेस्टोरेंट, गुरू कृपा होटल, वाघेला फल-फ्रूट पर 300, रमेशचन्द्र व्यास पर 250-250, कमल व राजेश कुमार कुशवाह पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी व अमानक पॉलीथीन का उपयोग ना करने की समझाईश दी। स्पॉट फाईन की कार्यवाही कुलदीप भट्ट, विजय मेहना, मनीष झांझोट, अंकित पुरोहित, राजकुमार भाटी आदि के द्वारा की गई।

# सुरों की महफिल में सजे स्वच्छता के गीत

## नगर निगम द्वारा स्वच्छता गीत- गायन प्रतियोगिता आयोज़ित हुई

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

नगर निगम द्वारा गुलाब चक्कर पर स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत स्वरचित स्वच्छता गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में आयोजित की गई।



प्रतियोगिता में सीनियर और जूनियर वर्ग में प्राप्त 365 एंट्री में से चयनित सैकड़ों प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में आशीष दशोत्तर द्वारा रचित व जितेंद्र चौहान द्वारा संगीतबद्ध किए गए गीत की संजय चौधरी द्वारा प्रस्तुति पर उन्हें प्रथम पुरस्कार दिया गया। इसी वर्ग में द्वितीय पुरस्कार संगीता जैन, तृतीय पुरस्कार विशाल पांचाल एवं चतुर्थ एवं पंचम प्रोत्साहन पुरस्कार अभिजीत ऊंटवाल एवं प्रिया उपाध्याय को दिया गया।

जूनियर वर्ग में प्रथम पुलकित निगम द्वितीय भावी जैन, तृतीय दीया परसाई चतुर्थ निशा सोलंकी एवं पंचम पुरस्कार भुवी व्यास को दिया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्रोफेसर बी. वर्षा करंदीकर वंदना जलगांवकर एवं अशफाक जावेदी तथा आशीष दशोत्तर थे। निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के कार्यक्रम समन्वयक सफाई मित्र समूह संचालक अनिल पांचाल थे। निगमकर्मी किरण चौहान द्वारा रचित कचरा गाड़ी पर बजने वाले गीत की प्रस्तुति स्वयं किरण चौहान द्वारा दी गई। निगमकर्मियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने उपस्थित दर्शकों का मनोरंजन किया। दो समूह गान भी हुए कार्यक्रम का संचालन निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दिव्या पाटीदार ने किया व आभार उपायुक्त विकास सोलंकी ने माना। कार्यक्रम के अंत में निगम आयुक्त द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े सभी निर्णायकों समाजसेवी गोविंद काकानी समाजसेवी व पत्रकार सुरेंद्र जैन को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शकों के साथ निगम के वरिष्ठ अधिकारी सुरेश व्यास, जी. के. जायसवाल, राजेश पाटीदार, बृजेश कुशवाहा, मनीष तिवारी भी उपस्थित थे।

3-4-2022

# 122 मीट्रिक टन कचरा निकला

**रतलाम.** नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत गीले-सूखे कचरे व रोड व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे को एकत्रित करने के लिए शनिवार को कचरा संग्रहण वाहन ने 256 ट्रीप लगाई। शनिवार को 122 मीट्रिक टन कचरा पर भेजा गया।

3-4m